**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**

प्रेषक,

निदेशक
प्रशासन एवं विकास
पशुपालन विभाग
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

1. समस्त अपर निदेशक ग्रेड–।।, पशुपालन विभाग उ0प्र0।
2. अपर निदेशक ग्रेड–।।, पशु जैविक औषधि संस्थान, बादशाहबाग, लखनऊ।
3. संयुक्त निदेशक, अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, चकगंजरिया(रहमानखेड़ा), लखनऊ / निबलेट, बाराबंकी / बाबूगढ़, हापुड़।
4. संयुक्त निदेशक, वृहद भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र, भैसोड़ा, नौगढ़–चन्दौली।
5. संयुक्त निदेशक, अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, मंझरा, खीरी।
6. संयुक्त निदेशक, भदावरी भैंस एवं जमुनापारी बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र, इटावा।
7. समस्त मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उत्तर प्रदेश।
8. प्रधानाचार्य, आदर्श प्रशिक्षण एवं उत्पादन केन्द्र, बक्सी का तालाब, लखनऊ।
9. उप निदेशक (प्रक्षेत्र), पशुपालन विभाग, महानगर, लखनऊ।

संख्याः 7459 / स्था0–2 / 1–ख / 13(1780) / 2010 दिनांकः 14/12/18

विषयः वेतन समिति (2008) के दसवें प्रतिवेदन (भाग–4) में राजकीय विभागों के अधीनस्थ लेखा संवर्ग के सम्बन्ध में की गयी संस्तुतियों पर लिए गये निर्णयों के कियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक वेतन समिति (2008) के दसवें प्रतिवेदन (भाग–4) में राजकीय विभागों के अधीनस्थ लेखा संवर्ग के सम्बन्ध में की गयी संस्तुतियों पर शासनादेश संख्या–वे0आ0–2–1853 / दस–54(एम) / 2008 टी0सी0 दिनांक 10.10.2011 द्वारा लिए गये निर्णयानुसार पशुपालन विभाग में पृथक लेखा संवर्ग के गठन हेतु शासनादेश संख्या 931 / 37–1–15–26(3) / 88 दिनांक 7 अप्रैल, 2015 यथा संशोधित शासनादेश संख्या 375 / 37–3–16–26(3) / 88 दिनांक 04 नवम्बर, 2016 द्वारा पारित निर्देशों के क्रम में कार्यवाही हेतु निदेशालय के पत्र संख्या 149 / स्था0–2 दिनांक 22.01.2018 द्वारा आपसे आवश्यक सूचना / अभिलेख चाहे गये थे, तथा पत्र संख्या 722 / स्था0–2 दिनांक 22.02.2018 द्वारा अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए निर्धारित तिथि तक सूचना / अभिलेख उपलब्ध न कराये जाने के प्रति उत्तरदायित्व भी निर्धारित किया गया था।

प्रकरण में कार्यवाही हेतु गठित समिति ने आपके स्तर से प्राप्त सूचना / अभिलेखों के सम्यक परीक्षणोपरान्त दिनांक 10.10.2011 से विभाग में गठित पृथक लेखा सवर्ग के अन्तर्गत कुल 63 कार्मिकों को सहायक लेखाकार के रूप सम्मिलित / समायोजित किये जाने की संस्तुति के आधार पर निदेशालय के आदेश संख्या 5017 / स्था0–2 दिनांक 16.08.2018 द्वारा विभागीय सहायक लेखाकारों की अनन्तिम ज्येष्ठता सूची जारी की गयी। उक्तानुसार अनन्तिम ज्येष्ठता सूची प्रख्यापित होने के फलस्वरूप सम्बन्धित कार्मिको से इतर संलग्न सूची के अनुसार अन्य कुल 34 कार्मिकों द्वारा अपना नाम अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में सम्मिलित न होने का उल्लेख करते हुए विभाग में गठित पृथक लेखा संवर्ग के अन्तर्गत सम्मिलित किये जाने का अनुरोध किया है, जिसमें से कमांक 1 से 17 तक के कार्मिकों के सम्बन्ध में आपसे पूर्व में प्राप्त सूचना / अभिलेखों के आधार पर समिति ने प्रकरण का परीक्षण किया तथा समिति द्वारा रोकडिया / कैशियर के कार्य को लेखा कार्य के रूप में स्वीकार न करने, दिनांक 10.10.2011 के पश्चात बी0काम0 की अनिवार्य शैक्षिक योग्यता प्राप्त करने, दिनांक 10.10.2011 के पश्चात अनिवार्य 10 / 05 वर्ष की लेखा अनुभव / सेवा पूर्ण होने तथा अनिवार्य लेखा अनुभव सम्बन्धी साक्ष्य उपलब्ध न होने के कारण सम्बन्धित कार्मिकों को लेखा सवर्ग के अन्तर्गत समायोजित किये जाने की संस्तुति न किये जाने के कारण प्रख्यापित अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में नाम सम्मिलित नहीं किया गया है। प्रकरण में उक्त कार्मिक द्वारा पुनः दिये गये प्रत्यावेदन के आधार पर उन्हे एक अवसर प्रदान करते हुए समिति की उक्त टिप्पणी के दृष्टिगत अपने से सम्बन्धित कार्मिको के सम्बन्ध में साक्ष्यों सहित सुस्पष्ट आख्या उपलब्ध करायें।

उक्त के अतिरिक्त शेष 17 (सूची कमांक 18 से 34) अन्य कार्मिकों द्वारा भी अपना नाम प्रख्यापित सूची में सम्मिलित न किये जाने का उल्लेख करते हुए विभागीय लेखा संवर्ग के अन्तर्गत नाम सम्मिलित किये जाने हेतु प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया है। उक्त के कम में उल्लेखनीय है कि लेखा संवर्ग के अन्तर्गत नाम सम्मिलित किये जाने हेतु साक्ष्यों सहित सूचना निदेशालय के पत्र संख्या 149/स्था0–2 दिनांक 22.1.2018 द्वारा आपसे चाही गयी थी तथा अनुस्मारक पत्र संख्या 722/स्था–2 दिनांक 22.2.2018 अन्तिम अवसर प्रदान किया गया, किन्तु उक्त 17 कार्मिकों का नाम एवं इनके सम्बन्ध में वांछित सूचना आप द्वारा पूर्व में उपलब्ध नही करायी गयी, जिसके कारण इनके प्रकरण को समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत नही किया जा सका। अतएव उक्त 17 कार्मिकों को एक अवसर प्रदान करते हुए पूर्व निर्धारित बिन्दुओं एवं समिति की उपरोक्त टिप्पणी के दृष्टिगत अपने से सम्बन्धित कार्मिकों के सम्बन्धमें साक्ष्यों सहित सुस्पष्ठ आख्या उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

कतिपय कार्यालयों में सहायक लेखाकर की पदस्थापना होने अथवा सहायक लेखाकार के पद का कार्य कर रहे कार्मिकों के अतिरिक्त अन्य कार्मिकों के भी लेखा अनुभव सम्बन्धी अभिलेख उपलब्ध कराये गये है, विचारणीय है कि यदि कार्यालय में सहायक लेखाकार के पद का कार्य किसी कार्मिक द्वारा किया जा रहा है. तो उक्त स्थिति में आलोच्य अवधि में अन्य कार्मिक द्वारा लेखा कार्य सम्पादित किये जाने का क्या औचित्य है। अपने से सम्बन्धित ऐसे कार्मिकों के सम्बन्ध में सुस्पष्ट आख्या उपलब्ध करायें।

प्रकरण में यह भी तथ्य संज्ञान में आया है कि कतिपय कार्मिकों का नाम आपके स्तर से सीधे निदेशक, आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा को प्रेषित किया गया है, जबकि आप इस हेतु अधिकृत नही थे। इस सम्बन्ध में अवगत करायें कि आप द्वारा किन निर्देशों के कम में अपने अधीनस्थ कार्मिकों का नाम सीधे निदेशक, आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, लखनऊ को प्रेषित किया गया है।

अतएव उक्त वांछित सूचना प्राथमिकता के आधार पर दिनांक 28.12.2018 तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डा0चरण सिंह यादव)
निदेशक
(प्रशासन एवं विकास)

पशुपालन विभाग, उ0प्र0 के अन्तर्गत लेखा संवर्ग के अन्तर्गत नाम सम्मिलित किये जाने हेतु अधीनस्थ कार्यालयों के कार्मिकों द्वारा दिये गये प्रत्यावेदन/प्रार्थना पत्रों का विवरण।

| क्र0 सं0 | पत्र संख्या | दिनांक | प्राप्त होने की तिथि | कार्यालय/अधिकारी का नाम जिसके स्तर से सूचना प्राप्त हुई है। | कार्मिक का नाम/पदनाम | पद स्थापना | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 9714 | 27.08.18 | 28.08.18 | अपर निदेशक ग्रेड--2, आगरा | श्री सन्तोष कुमार गुप्ता, प्र0सहा0 | अपर निदेशक ग्रेड–2, आगरा | |
| 2 | 651 | 20.08.18 | 24.08.18 | मु0प0चि0अ0, आगरा | श्री राकेश कुमार गुप्ता, व0सहा0 | मु0प0चि0अ0, आगरा | |
| | 777 | 11.09.18 | 12.09.18 | मु0प0चि0अ0, आगरा | श्री राकेश कुमार गुप्ता, व0सहा0 | मु0प0चि0अ0, आगरा | |
| 3 | 670 | 29.8.18 | 31.8.18 | मु0प0चि0अ0, फैजाबाद | निधि सिंह, व0सहा0 | मु0प0चि0अ0, फैजाबाद | |
| 4 | 380 | 24.8.18 | 28.8.18 | मु0प0चि0अ0, श्रावस्ती | श्री म0 शाहिद खान | मु0प0चि0अ0. श्रावस्ती | |
| 5 | 0 | 0 | 28.08.18 | मु0प0चि0अ0, बलरामपुर | श्री विजय कुमार, व0सहा0 | मु0प0चि0अ0, बलरामपुर | |
| 6 | 0 | 0 | 28.08.18 | श्री रोशनलाल, क0सहा0 | श्री रोशनलाल, क0सहा0 | अपर निदेशक ग्रेड–2, सहारनपुर मण्डल | |
| 7 | 515 | 27.8.18 | 29.08.18 | मु0प0चि0अ0, भदोही | श्री वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, व0सहा0 | मु0प0चि0अ0, भदोही | |
| 8 | 1254 | 31.08.18 | 12.09.18 | मु0प0चि0अ0, सोनभद्र | श्री रामकरन सिंह, व0सहा0 | मु0प0चि0अ0, सोनभद्र | |
| 9 | 1403 | 17.09.18 | 18.09.18 | मु0प0चि0अ0, बागपत | श्री महेन्द्रपाल सिंह, व0सहा0 | मु0प0चि0अ0, बागपत | |
| 10 | 1563 | 24.09.18 | 25.09.18 | मु0प0चि0अ0, गोरखपुर | श्री सुभाष चन्द्र गुप्ता, व0सहा0 | मु0प0चि0अ0, गोरखपुर | |
| 11 | 1043 | 23.08.18 | 28.8.18 | मु0प0चि0अ0, शामली | श्री सत्यवीर सिंह, क0सहा0 | मु0प0चि0अ0, शामली | |
| 12 | 1047 | 23.08.18 | 29.8.18 | मु0प0चि0अ0, शामली | श्री आर0एस0 नेगी, व0सहा0 | मु0प0चि0अ0, शामली | |
| 13 | 130 | 04.09.18 | 10.09.18 | सं0नि0, सघन भेंड एवं ऊन विकास प्रायोजना, मिर्जापुर | श्री गुलाब शंकर, क0सहा0 | सं0नि0, सघन भेंड एवं ऊन विकास प्रायोजना, मिर्जापुर | |
| 14 | 130 | 04.09.18 | 10.09.18 | सं0नि0, सघन भेंड एवं ऊन विकास प्रायोजना, मिर्जापुर | श्री राम प्रकाश, क0सहा0 | सं0नि0, सघन भेंड एवं ऊन विकास प्रायोजना, मिर्जापुर | |
| 15 | 130 | 04.09.18 | 10.09.18 | सं0नि0, सघन भेंड एवं ऊन विकास प्रायोजना, मिर्जापुर | श्री मेंदीलाल प्रजापति, क0सहा0 | सं0नि0, ऊन विश्लेषण, मिर्जापुर। | |
| 16 | 679 | 27.08.18 | 28.08.18 | मु0प0चि0अ0, रामपुर | श्री डालचन्द्र, व0सहा0 | मु0प0चि0अ0, रामपुर | |
| 17 | 0 | 16.10.18 | 16.10-18 | मु0प0चि0अ0, भदोही | श्री विरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव | मु0प0चि0अ0, भदोही | |
| 18 | 1395 | 30.8.18 | 30.8.18 | मु0प0चि0अ0 प्रतापगढ | श्री कौशल कुमार पाण्डेय, व0सहा0 | मु0प0चि0अ0 प्रतापगढ | |
| 19 | 630 | 30.08.18 | 04.09.18 | मु0प0चि0अ0 अमेठी | श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, व0सहा0 | मु0प0चि0अ0 अमेठी | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | 630 | 30.08.18 | 04.09.18 | मु0प0चि0अ0 अमेठी | श्री संजय पाल, व0सहा0 | मु0प0चि0अ0 अमेठी | |
| 21 | 1204 | 21.8.18 | 24.8.18 | अपर निदेशक ग्रेड–2, मिर्जापुर | श्री दिनेश कुमार श्रीवास्तव, व0सहा0 | अपर निदेशक ग्रेड–2, मिर्जापुर | |
| 22 | 1204 | 21.8.18 | 24.8.18 | अपर निदेशक ग्रेड–2, मिर्जापुर | श्री अशोक कुमार शर्मा, क0सहा0 | अपर निदेशक ग्रेड–2, मिर्जापुर | |
| 23 | 624 | 21.8.18 | 28.8.18 | मु0प0चि0अ0, सुलतानपुर | श्री रवीन्द्र कुमार सिंह, लेखाकार | मु0प0चि0अ0, सुलतानपुर | |
| 24 | 553 | 04.09.18 | 06.08.18 | अपर निदेशक ग्रेड–2, चित्रकूट, बांदा | श्री राजेश कुमार सिंह, व0सहा0 | मु0प0चि0अ0, चित्रकूट | |
| 25 | 65 | 05.09.18 | 14.09.18 | सं0नि0 गाइनोकोजाजी, फैजाबाद | श्री ज्ञानेन्द कुमार दूबे, क0सहा0 | सं0नि0 गाइनोकोजाजी, फैजाबाद | |
| 26 | 1363 | 16.08.18 | 21.08.18 | अपर निदेशक ग्रेड–2, वाराणसी | श्री द्वारिका सेठ, क0सहा0 | अपर निदेशक ग्रेड–2, वाराणसी | |
| 27 | 996 | 09.09.18 | 19.09.18 | मु0प0चि0अ0, फतेहपुर | श्री सुनील कुमार, क0सहा0 | मु0प0चि0अ0, फतेहपुर | |
| 28 | 1103 | 26.09.18 | 28.09.18 | मु0प0चि0अ0, बाराबंकी | श्री गौरव कुमार, व0सहा0 | मु0प0चि0अ0, बाराबंकी | |
| 29 | 707 | 30.08.18 | 06.09.18 | अपर निदेशक ग्रेड–2, झांसी | श्री सौरभ शर्मा, क0सहा0 | अपर निदेशक ग्रेड–2, झांसी | |
| 30 | 2349 | 28.08.18 | 06.09.18 | मण्डलायुक्त, इलाहाबाद | श्री पंकज शुक्ला, क0सहा0 | अपर निदेशक ग्रेड–2, इलाहाबाद | |
| 31 | 1351 | 30.08.18 | 11.09.18 | सं0नि0 कृषि निदेशक, सहारनपुर | श्री वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, लेखाकार | सं0नि0 कृषि निदेशक, सहारनपुर | |
| 32 | 477 | 01.09.18 | 07.09.18 | मु0प0चि0अ0, बलरामपुर | श्री उमेश सिंह, से0नि0 सहा0 लेखा0 | से0नि0 स0लेखा0 | |
| 33 | 0 | 13.09.18 | 19.09.18 | श्री चन्द्रभान श्रीवास्तव, से0नि0 सहा0लेखा0 | श्री चन्द्रभान श्रीवास्तव, से0नि0 सहा0लेखा0 | से0नि0 स0लेखा0 | |
| 34 | 0 | 06.09.18 | 06.09.18 | श्री मो0 शहाबुद्दीन कुरैशी, प्र0सहा0 | श्री मो0 शहाबुद्दीन कुरैशी, प्र0सहा0 | पशुपालन निदेशालय, लखनऊ। | |